**जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत जनपद झाँसी में कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा हेतु जिलाधिकारी महोदय, झाँसी की अध्यक्षता में दिनांक 23.01.2023 को आहूत बैठक का कार्यवृत।**

दिनांक 23.01.2023 को अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में जनपद झाँसी की जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति की बैठक आहूत की गयी। बैठक में निम्नानुसार सदस्य/अधिकारी उपस्थित रहें :–

| क्र0 सं0 | अधिकारी का नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1 | श्री जुनैद अहमद | मुख्य विकास अधिकारी, झाँसी। |
| 2 | श्री संजय कुमार पाण्डेय | अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, झाँसी। |
| 3 | श्री सुनील कुमार | जिला विकास अधिकारी, झाँसी। |
| 4 | श्री जगदीश राम गौतम | जिला पंचायत राज अधिकारी, झाँसी। |
| 5 | श्री रणविजय सिंह | अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्या., उ.प्र. जल निगम, झाँसी। |
| 6 | नीलम यादव | बेसिक शिक्षा अधिकारी, झाँसी। |
| 7 | श्री आर.एस. सिंह बादलीवाल | अधि.अभि. झाँसी डिवीजन जल संस्थान, झाँसी। |
| 8 | श्री राजेश राठौर | टीम लीडर, टी.पी.आई., झाँसी। |
| 9 | श्री श्रीनिवास मिश्रा | टीम लीडर, पी.एम.सी., झाँसी। |
| 10 | श्री विजय लोखण्डे | डी.जी.एम., एन.सी.सी., झाँसी। |
| 11 | श्री लक्ष्मीनारायण | प्रोजेक्ट मैनेजर, बी.जी.सी.सी., झाँसी। |
| 12 | श्री जे.एस. पैट्रिक | प्रोजेक्ट मैनेजर, आई.एच.पी., झाँसी। |
| 13 | श्री विशाल | प्रोजेक्ट मैनेजर, यूनिप्रो टेक्नो इन्फास्ट्रेक्चर, झाँसी। |
| 14 | श्री टीपू सुल्तान | प्रोजेक्ट मैनेजर, दारा इंजीनियरिंग, झाँसी। |

जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा की गयी। समीक्षा में निम्न बिन्दुओं पर निर्देशित किया गया :–

- अवशेष 53 ग्रामों के प्राक्कलन विरचित कर यथाशीघ्र स्वीकृत करा लिये जायें, जिससे निर्माणधीन योजनाओं के पूर्ण होने के साथ ही उक्त ग्रामों में पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ हो सकें।

अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झाँसी द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में जनपद झाँसी में 13 नग पूर्व निर्मित पेयजल योजनाओं (स्थापना वर्ष सहित सूची संलग्नक–1) के रेट्रोफिटिंग, 02 नग पूर्व निर्मित पेयजल योजनाओं (स्थापना वर्ष सहित सूची संलग्नक–2) के पुर्नगठन एवं जनपद झाँसी में छूटे हुये 22 नग ग्राम जिसमें पूर्व में कोई पाइप पेयजल योजना स्थापित नही थी, जिसकी सूचना जिलाधिकारी, झाँसी महोदय के पत्रांक 1243/कार्य–27/10 दिनांक 07.07.2022 (संलग्नक–3) के द्वारा अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को प्रेषित की गयी थी, जिसके क्रम में अधिशासी निदेशक के पत्रांक 1924/डब्लू–17/2021–22 दिनांक 20 अगस्त, 2022 (संलग्नक–4) के द्वारा उक्त 22 नग ग्रामों को जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माणाधीन समीपवर्ती ग्राम समूह पेयजल योजना से जोड़ते हेतु प्राक्कलन विरचित करने हेतु निर्देशित किया गया था। जल जीवन मिशन कार्यक्रम में निर्माणाधीन समीपवर्ती 5 ग्राम समूह पेयजल योजनाओं से उक्त 22 ग्रामों को आच्छादित किये जाने हेतु 05 नग कुल 20 नग प्राक्कलन (ग्रामवार सूची संलग्न) तैयार किये गये है, जिनका मुख्य अभियन्ता (बुन्देलखण्ड क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झाँसी द्वारा तकनीकी परीक्षण कर स्वीकृति प्राप्त है। तत्पश्चात् उक्त प्राक्कलनो का परीक्षण परियोजना प्रबन्धक, निर्माण इकाई, उ0प्र0 जल निगम (नगरीय), झाँसी से कराने हेतु अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, झाँसी के पत्रांक 63/एस0टी0/नमामि गंगे/2022 दिनांक 08.12.2022 द्वारा परियोजना प्रबन्धक, निर्माण इकाई, उ0प्र0 जल निगम (नगरीय), झाँसी को आदेशित किया गया। तत्क्रम में परियोजना प्रबन्धक, निर्माण इकाई, उ0प्र0 जल निगम (नगरीय), झाँसी के द्वारा अपने पत्रांक 1004/डब्लू–12/77 दिनांक 28.12.2022 द्वारा परीक्षण कर उपलब्ध कराया गया। परीक्षण एवं मुख्य अभियन्ता स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त 20 नग प्राक्कलन का विवरण निम्नानुसार है:–

| क्र0 सं0 | विकास खण्ड | पेयजल योजना का नाम | अनुमानित लागत (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1. | चिरगाँव | गढ़ूका रेट्रोफिटिंग पेयजल योजना | 252.39 |
| 2. | चिरगाँव | पट्टीकुम्हर्रा रेट्रोफिटिंग पेयजल योजना | 249.54 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3 | मोठ | छपार पुर्नगठन पेयजल योजना | |
| 4. | गुरसरांय | मोतीकटरा रेट्रोफिटिंग पेयजल योजना | [illegible] |
| 5. | गुरसरांय | बसारी रेट्रोफिटिंग पेयजल योजना | 230.60 |
| 6. | बंगरा | दादपुरा रेट्रोफिटिंग पेयजल योजना | 85.77 |
| 7. | बंगरा | लठेसरा रेट्रोफिटिंग पेयजल योजना | 147.87 |
| 8. | बंगरा | रज्जपुरा रेट्रोफिटिंग पेयजल योजना | 302.20 |
| 9. | बंगरा | बुढ़ावली रेट्रोफिटिंग पेयजल योजना | 195.78 |
| 10. | चिरगॉव | महेबा रेट्रोफिटिंग पेयजल योजना | 46.83 |
| 11. | चिरगॉव | रामनगर पुर्नगठन पेयजल योजना | 372.03 |
| 12. | मोठ | लठवारा रेट्रोफिटिंग पेयजल योजना | 151.66 |
| 13. | गुरसरांय | सकरार पुर्नगठन पेयजल योजना | 1200.82 |
| 14. | बामौर / चिरगॉव | करगुवा खुर्द ग्राम समूह पेयजल योजना | 432.36 |
| 15. | चिरगॉव | पहाड़ी बुजुर्ग ग्राम पेयजल योजना | 82.88 |
| 16. | मऊरानीपुर | पुरवा ग्राम समूह पेयजल योजना से जोड़े जाने हेतु पहाड़ी खिरक ग्राम समूह पेयजल योजना। (छूटे ग्राम– 02 नग) | 52.03 |
| 17. | बड़ागॉव | गुलारा, बचावली एवं तिलैथा ग्राम समूह पेयजल योजना से जोड़े जाने हेतु चिपलौटा ग्राम समूह पेयजल योजना। (छूटे ग्राम– 02 नग) | 360.56 |
| 18. | गुरसरांय / चिरगॉव | बड़वार ग्राम समूह पेयजल योजना से जोड़े जाने हेतु बरौर ग्राम समूह पेयजल योजना।(छूटे ग्राम– 08 नग) | 1256.41 |
| 19. | मऊरानीपुर / गुरसरांय | इमलौटा ग्राम समूह पेयजल योजना से जोड़े जाने हेतु स्यावरी ग्राम समूह पेयजल योजना। (छूटे ग्राम– 02 नग) | 453.83 |
| 20. | मोंठ | टेहरका–बरथरी ग्राम समूह पेयजल योजना से जोड़े जाने हेतु बम्हरौली ग्राम समूह पेयजल योजना। (छूटे ग्राग– 08 नग) | 321.09 |

अतः समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि प्रमुख सचिव महोदय, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के शासनादेश संख्या 16/2021/948/छिहत्तर–1–2021–25 सम/2019 दिनांक 19 मार्च, 2020 एवं प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ के पत्रांक 758/011–जल जीवन मिशन (DPRS) 22 दिनांक 30.09.2022 के क्रम में जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा संस्तुति सहित राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, उ0प्र0, लखनऊ को अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित करने का निर्णय लिया गया। उक्त के अतिरिक्त जल संस्थान द्वारा अनुरक्षित पेयजल योजनाओं के 16 ग्राम (सूची संलग्न) जिसमें पेयजल आपूर्ति पूर्णतः बन्द है, को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत सम्मिलित करने हेतु जिलाधिकारी महोदय, झाँसी के पत्रांक 2578/कार्य–92/244 दिनांक 16.12.2022 (छायाप्रति संलग्न) के द्वारा प्रकरण शासन को प्रेषित है।

Scanned with OKEN Scann

क इन्टेक वेल–90%, वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट–90%, 6 नग ओवर हैड टेंक–97%, 3 नग सी.डब्लू.आ
किमी. रॉ–वाटर राईजिंग मेन, 48.670 किमी. क्लीयर वाटर राईजिंग मेन, 212.321 किमी. वितरण
एच.टी.सी. तथा 7521 नग एफ.एच.टी.सी. कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष कार्य प्रगति पर है।

**बड़वार ग्राम समूह पेयजल योजना** :– योजनान्तर्गत 1 नग इन्टेक वेल, 1 नग वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, टेंक, 5 नग सी.डब्लू.आर., 2.506 किमी. रॉ–वाटर राईजिंग मेन, 81.317 किमी. क्लीयर वाटर राई किमी. वितरण प्रणाली तथा 16173 नग एफ.एच.टी.सी. (गृह संयोजन) किये जाने का प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष वर्तमान तक इन्टेक वेल–90%, वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट–85%, 9 नग ओवर हैड टेंक–77%, 5 नग सी.डब्लू.आर.–61%, 2.506 किमी. रॉ–वाटर राईजिंग मेन, 37.692 किमी. क्लीयर वाटर राईजिंग मेन, 286.943 किमी. वितरण प्रणाली, 5856 नग एच.टी.सी. तथा 2135 नग एफ.एच.टी.सी. कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष कार्य प्रगति पर है।

जिसपर जिलाधिकारी महोदय, झॉसी द्वारा अनुबन्धित फर्मों के परियोजना प्रबन्धकों को निर्देशित किया गया कि योजना पर अतिरिक्त श्रमिक एवं मशीनरी लगाते हुये कार्यो को शीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, ताकि शासन द्वारा प्राप्त निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुये जनपद झॉसी के समस्त 08 विकास खण्डों के 648 ग्रामों के प्रत्येक घर को "हर घर जल" से लाभान्वित करते हुये पाईप पेयजल से आच्छादित किया जा सकें।

अन्ततः धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त की गयी।

23/01/23
(रणविजय सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
उ0प्र0 जल निगम, झॉसी।
सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन

अनुमोदित
23/01/23
जिलाधिकारी, झॉसी।
अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झॉसी।

पत्रांक–181/M-28/एस0टी0/नमामि गंगे/कार्यवृत/2022/07 दिनॉकः 23 जनवरी, 2023

प्रतिलिपि– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

1– मा0 प्रमुख सचिव, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति उ0 प्र0 लखनऊ।
2– अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ।
3– मुख्य विकास अधिकारी, झॉसी।
4– सभी सम्बंधित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

23/01/23
(रणविजय सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
उ0प्र0 जल निगम, झॉसी।
सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन

Scanned with OKEN Scanner